<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 27.06.2025 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः-

- थाना शिवली पुलिस द्वारा अ0सं0 170/25 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त विनय कुमार उर्फ नंदू पुत्र रजयपाल निवासी चन्दनामऊ थाना सचेण्डी कानपुर नगर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना गजनेर पुलिस द्वारा अभियुक्त विपिन पुत्र जयवीर निवासी ग्राम खिरिया थाना ककवन जिला कानपुर नगर द्वारा वादिनी की पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0-185/25 धारा 137(2)/87 बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना बरौर पुलिस द्वारा अभियुक्त विवेक यादव पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम कलेनापुर थाना बरौर कानपुर देहात द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से धार्मिक सद्‌भाव को बिगाड़ने एंव साम्प्रदायिक उन्माद को बढाने के लिए अभद्र टिप्पणी करने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0-23/2025 धारा 299 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 16 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना गजनेर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रुरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना बरौर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मूसानगर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना रनियां पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना डेरापुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति का 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।